# शहर संभाग डीई के अच्छे दिन लदे, एक और नोटिस हुआ जारी

## 1 किवा से कम वालों से बिल जमा नहीं करा पा रहे, बढ़ रहा है एरियर

### सीएम हेल्पलाइन में भी पीछे, कई शिकायतें लंबित चल रही हैं

रीवा (स्वतंत्र मत)

शहर संभाग में नरेन्द्र मिश्रा कार्यपालन अभियंता के पद पर लंबे समय से पदस्थ हैं। उनके कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ होने के बाद से ही विद्युत विभाग में व्यवस्थाएं बेपटरी हो गई है। बिजली सप्लाई पर भी असर पड़ा है। उनके कर्मचारी लूट खसोट में लग गए हैं। कुछ ठेकेदारी करने लगे हैं। हालांकि इन सभी के पीछे कहीं न कहीं उनकी भी मूक सहमति है। इन्हीं कार्यों के कारण विभाग के काम पिछड़ते जा रहे हैं। विभाग के अधिकारी, कर्मचारी दूसरे काम कर रहे हैं और यहां बिजली बिल की वसूली में पूर्व संभाग का एरियर और टेंशन बढ़ता जा रहा है। इसी मामले की गंभीरतो को देखते हुए मुख्य अभियंता रीवा प्रमा पाण्डेय ने नरेन्द्र मिश्रा को नोटिस जारी कर दिया है। 7 दिन में जवाब मांगा है। विंध्य बुलेटिन डाट काम।




### करीब 59 फीसदी खाते दर्ज नहीं किए गए

हद तो यह है कि कनेक्शन के दौरान उपभोक्ताओं से पास बुक की फोटो काफी और एकाउंटर नंबर अनिवार्य किया गया है। इसके बिना कनेक्शन ही नहीं दिया जाता। विंध्य बुलेटिन डाट काम।इसके बाद भी उपभोक्ताओं के खाता नंबर आनलाइन दर्ज नहीं किए गए। 5 किवा से अधिक भार के बाकया राशि वाले उपभोक्ताओं में 24 जुलाई की स्थिति में 4992 है। इनमें से सिर्फ 2234 उपभोक्ताओं के एनजीबी में एकाउंट दर्ज है। इसका प्रतिशत काफी कम है। इसी पर सीई ने आपत्ति दर्ज की है।

### 1 किलो वाट के उपभोक्त ाओं से वसूली में पीछे

1 किलो वाट के उपभोक्ता अब विद्युत विभाग के लिए सिरदर्द बनते जा रहे हैं। इनका एरियर बढ़ता जा रहा है। हर महीने बिल नहीं जमा करते। इस पर भी मुख्य अभियंता ने नरेन्द्र मिश्रा के कार्यों पर आपत्ति जताई है। रीवा शहर संभाग में जून 2025 की स्थिति में 1 किलोवाट वाले उपभोक्ताओं की संख्या 13 हजार 930 है। इनमें से 1577 उपभोक्ता ऐसे है जिन्होंने एक मर्तबा भी बिल जमा नहीं किया। इनके पास तक विद्युत विभाग की टीम पहुंची ही नहीं।

**सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में भी पीछे**-विद्युत विभाग शहर संभाग सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का निराकरण भी समय पर नहीं करता। 50 दिन से भी पुरानी शिकायतें 18 अगस्त की स्थिति में 92 से अधिक पेंडिंग हैं। इन शिकायतों का निराकरण नहीं किया गया। इस पर भी मुख्य अभियंता ने नोटिस जारी किया है। विंध्य बुलेटिन डाट काम।

### मुख्य अभियंता नरेन्द्र मिश्रा से हैं खफा

शहर संभाग के कार्यपालन अभियंता नरेन्द्र मिश्रा के अच्छे दिन लद गए। इसके पहले मुख्य अभियंता पद पर आईके त्रिपाठी थे। नरेन्द्र मिश्रा उनके खास थे। सारी कारस्तानियों पर वह पदा डाले रखते थे। इसके बदले डीई उनकी बेटी और साली की शादियां भी निःशुल्क कराईं और खर्चा सभी ने उठाया। अब उनके रिटायरमेंट के बाद मुख्य अभियंता प्रमा पाण्डेय एक एक कर नरेन्द्र मिश्रा की गलतियों को उजागर कर रही है। मुख्य अभियंता नरेन्द्र मिश्रा की कार्यप्रणाली से नाराज चल रही हैं।

# मनगवां पुलिस द्वारा पेशेवर आरोपी को अवैध देशी पिस्टल लिये गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

मनगवां, स्वतंत्रमत।

मनगवां थाना निरीक्षक गजेन्द्र सिंह धाकड व हमराह पुलिस स्टाफ़ की मदद से दिनांक 27/08/2025 को मुखविर की सूचना पर वारंटी मोहम्मद तबारक खान पिता मोहम्मद हनीफ खान उम्र 24 वर्ष निवासी भौवार थाना मनगवां जिला रीवा मध्यप्रदेश,जो पथरहा नेशनल हाईवे 135 पुलिया के नीचे मोटरसाइकिल 220 पल्सर क्र. एमपी 17-रू- 7662 लिये खडा था।

जो कही जाने की फिराक में था सूचना पर तत्काल थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित कर शातिर अपराधी मोहम्मद तबारक खान को घेराबन्दी कर मय मोटरसाइकिल 220 पल्सर के साथ गिरफ्तार किया गया।

जिसके कब्जे से एक देशी पिस्टल 30 एम एम मैगजीन सहित बरामद हुई। जिसके विरुद्ध थाना मनगवां में अप.क्र. 440/2025 धारा 25 (1-क्क) (डु) आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। एवं 6



किता गिरफ्तारी वारंटो व आर्म्स एक्ट के अपराध में संबंधित माननीय न्यायालयों में पेश किया गया है।

कार्यवाही की मुख्य भूमिका में निरीक्षक गजेन्द्र सिंह धाकड़, सउनि राजेश द्विवेदी, प्रआर. 984 जय सिंह, आर. 932 मनीष मोर्य, आर. 674 कृष्णकान्त शर्मा, आर. 401 अमरीश सिंह, आर. 994 अजय सिंह मौजूद रहे।

# पंडालों के आसपास नहीं हुआ कीटनाशक दवा का छिड़काव

## मच्छरों व जहरीले जीवों से बचाव के लिए डाली जाती है कीटनाशक



**रीवा।** शहर में गणेश चतुर्थी पर विराजित की जाने वाली गणेश प्रतिमाओं के लिए निर्मित पंडालों के आसपास सफाई के साथ ही कीटनाशक दवा का छिडकाव, यदि झांडियां हैं तो उनकी सफाई की जाना है, ताकि पंडाल में आने वाले भक्तों का मच्छर व जहरीले जीव से बचाव हो सके, किन्तु नगर निगम द्वारा शहर के एक भी गणेश पंडाल के आसपास कीटनाशक दवा का छिडकाव नहीं किया गया।श्रद्धालु व बच्चों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। गणेश पंडालों के आसपास झाडू वगैरह तो लगवाई गई है, परन्तु कीटनाशक दवा नहीं छिडकी गई। जबकि इस वर्ष बारिश अधिक होने व शहर में जगह-जगह सीवरेज लाइन डाले जाने के चलते उखड़ी व कीचडयुक्त सडकों के कारण जहां कीचड़, गड्ढों की भरमार है वहीं कई क्षेत्रों में खरपतवार भी उगी है, खाली मैदानों में अभी भी कई जगह बरसात का पानी जमा है, जिससे मच्छरों को बढ़ावा मिल रहा है, वहीं जहरीले जीवों का भी भय बना हुआ है, जो पंडालों में आने वाले श्रद्धालु व बच्चों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# हॉकी के जादूगर को किया याद

### खो-खो, कबड्डी का मैच आयोजित कर मनाया खेल दिवस

**रीवा।** सिरमौर में हॉकी के जादूगर की जयंती मनाकर उनके चित्र पर मालार्पण धूप अर्पित कर सिरमौर के यमुना शास्त्री कॉलेज मैदान में खो कबड्डी का मैच का आयोजन किया गया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती अवसर पर वंदना सिंह युवा समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग सिरमौर ने स्वागत भाषण से अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिरमौर कॉलेज के प्राचार्य ओमप्रकाश द्विवेदी रहे जिन्होंने बताया कि मेजर ध्यानचंद ने कई बार ओलंपिक प्रतियोगिता में भारत को स्वर्ण पदक मिला जिनमें 1928, 1932, 1936 है , वहीं नगर पंचायत सिरमौर के उपाध्यक्ष विजय सोनी ,पार्षद विशाल गुप्ता पूर्व पार्षद राजकुमार शुक्ला ने बच्चों का उत्साह वर्धन कर कहा कि क्रिक्रेट मैच का प्रचलन होने से राष्ट्रीय हांकी का महत्व कम हो गया ।




पहले स्कूलों में खेल शिक्षक कम थे पर अब विद्यालय खेल शिक्षक की नियुक्तियां की जा रही है ऐसे में ज्यादा से ज्यादा स्कूली बच्चे खेल प्रतिस्पर्धा में भाग ले । साथ ही

बच्चों अनुशासन में रहकर खेल को खेलना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ट समाजसेवी विष्णुनारायण शुक्ला,ने कहा कि सरकार खेल को बढ़ावा देना चाहिए जैसे कि कबड्डी खो गिप्पी गेंद को खेल सबसे प्रचलित खेल है।

कार्यक्रम का संचालन एसडी सिंह विकासखंड कीड़ा प्रभारी सिरमौर ने किया। साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समाजिक और खेल स्पर्धा से जुड़े सदस्य एवं नगर के नागरिक खिलाड़ी कालेज स्टाफ मौजूद रहे।

## बालाजी की कृपा से सभी बाधाओं सहित साइटिका एवं अन्य की बीमारियों का होता है इलाज

**रीवा, स्वतंत्रमत।** रीवा शहर से महज 3 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम कोठी में भगवान श्री बांके बिहारी लाल एवं मेहंदीपुर बालाजी के मंदिर मे बाबा साहब का चौरा प्रतिदिन सुवह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगता है जहा पर बाबा साहब के दरबार में आने से भूत प्रेत टोना जादू जैसे बाधाओं एवं बुखार, हार्टअटैक, दमा, सांस, साइटिका जैसी गंभीर बीमारी, पीलिया,चक्कर आना, मिर्गी आना, पथरी, बवासीर,टीबी, लकवा की बीमारी भगवान श्री बाकेबिहारी लाल एवं मेहदी बालाजी की कृपा से तथा मां शारदा के नाम से झाड़ फूंक करने, बीरा एवं ताबीज बना कर देने से ठीक हो जाती है।बाबा साहब ने बताया कि बालाजी महाराज के दरबार में परिक्रमा लगाने का विशेष महत्व है बड़े से बड़े कष्ट रोग व्याधी दूर होती है भूत प्रेत बाधाएं दुर होती है।जिसकी ख्याति दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जहा पर रोजाना सैकड़ो की संख्या में लोग आते है और आस्था विश्वास के साथ दर्शन कर दुखो के मुक्ति पा रहे है।



# यात्री बस पलटने से 12 लोग हुए घायल

### कुल्हू मोड़ के पास ड्राइवर की लापरवाही से हादसा 25 यात्री सवार थे

रीवा (स्वतंत्र मत)

रीवा जिले के चोरहटा में कुल्हू मोड़ के पास शनिवार सुबह यात्रियों से भरी एक तेज रफ्तार बस बेकाबू होकर पलट गई। हादसा सुबह 9 से 10 बजे के बीच हुआ। बस में कुल 25 यात्री सवार थे, जिनमें से 12 को मामूली चोटें आईं। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

**बस चालक की लापरवाही से हादसा**-प्रत्यक्षदर्शियों और बस में सवार यात्रियों ने बताया कि भारत ट्रेवल्स की यह बस सेमरिया से रीवा की ओर जा रही थी। चालक बस को तेज रफ्तार और लापरवाही से चला रहा था। यात्रियों ने कई बार उसे धीमा चलाने और सतर्क रहने की सलाह दी, लेकिन उसने अनसुना कर दिया।



प्रत्यक्षदर्शी महिला यात्री सुनीता ने बताया कि चालक बस चलाते समय पीछे बैठी एक लड़की से बातचीत में व्यस्त था, इसी दौरान सामने से आ रहे एक वाहन को बचाने के प्रयास में बस का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई।

**ग्रामीणों और पुलिस ने रेस्क्यू कर निकाले यात्री**-हादसे के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही चोरहटा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और यात्रियों को बाहर निकाला। घायल यात्रियों को एंबुलेंस के जरिए संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया।

**चालक मौके से फरार, पुलिस कर रही जांच**-हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। हादसे में 12 लोगों को चोट आई है।

**इनका कहना है**

घायलों की हालत स्थिर है। किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। केवल दो घायलों को एहतियातन ऑब्जर्वेशन में रखा गया है।

**डॉ. यत्नेश त्रिपाठी संजय गांधी अस्पताल सीएमओ**

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत रेस्क्यू शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

**आशीष मिश्रा चोरहटा थाना प्रभारी**

# सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने कलेक्टर को लिखी चिट्ठी

**रीवा, स्वतंत्रमत।** जिले की सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक अभय मिश्रा ने कलेक्टर रीवा को एक पत्र लिखकर दुख जताते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के साथ प्रशासन भी दोहरा मापदंड अपना रहा है। इस क्षेत्र में संचालित सेवा सहकारी समितियो को डीएपी एवं यूरिया खाद की आपूर्ति नहीं किए जाने से किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने वताया की इस क्षेत्र में 7 सेवा सहकारी समितियां हैं लेकिन अधिकांश सेवा सहकारी समितियो द्वारा डीएपी एवं यूरिया का उठाव न किए जाने की वजह से कई बार आग्रह करने के बाद भी सेमरिया नगर में यूरिया एवं डीएपी के शासन द्वारा नगद बिक्री हेतु अधिकृत व्यवस्था न किए जाने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है।जिसके लिए उन्होंने नगद खाद बिक्री हेतु अलग से काउंटर की स्थापना कर किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए तथा किसान हित में प्राथमिकता के साथ सेमरिया नगर में एक डीएपी एवं यूरिया का शासकीय विक्रय केंद्र भी संचालित कराया जाए। उन्होंने पत्र में यह भी लिखा है कि आरडीएस योजना के तहत स्वीकृत कार्यों को विभाग द्वारा बार-बार आग्रह करने के बाद भी नहीं कराया जा रहा है जबकि जिला प्रशासन एवं विभाग को कई बार इन कार्यों को पूर्ण करने के लिए आग्रह किया गया। लेकिन राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते जिला प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी का निर्वाचित विधायक होने के कारण बिजली व स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं को बाधित किया जा रहा है। पत्र में श्री मिश्रा ने यह भी उल्लेखित किया है कि जिला प्रशासन से खाद बिजली एवं सेमरिया में संचालित स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की आपूर्ति बाबत कई बार जिला प्रशासन को पत्र समय-समय पर लिखे गए। लेकिन पत्रों पर कार्यवाही आज भी अपेक्षित है। विधायक अभय मिश्रा ने कहा है कि खाद की आपूर्ति सेवा सहकारी समितियो में अविलंब उपलब्ध कराकर एवं अन्य समस्याओं का निराकरण कर अवगत कराने का कष्ट करें अन्यथा आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।



# तकनीकी खराबी से हुई भूल


चोरी की ज्वेलरी खरीदने के साथ घटनाओं को अंजाम देने में शामिल सचिन सोनी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

यहां हुई तकनीकी त्रुटि

स्वतंत्र मत के रीवा पृष्ठ में प्रकाशित इस खबर में तकनीकी खराबी (मोडीफाइ) से एक फोटो बदल गई थी, जिसमें माननीय सेमरिया विधायक जी की फोटो लग गई थी जो गलत थी। इस त्रुटि के लिए हमें खेद है। हमारा आशय किसी सम्माननीय व्यक्ति को ठेस पहुंचाना बिल्कुल भी नहीं था।

# आदिवासी बचाओ गांव बचाओ मुद्दे को लेकर घेरा दुधमनियां तहसील मुख्यालय

### दुधमनियां सिंगरौली मे बीजेपी सरकार के खिलाफ लगाएंगे पक्का मोर्चा.. शिव सिंह

**सिंगरौली, स्वतंत्रमत।** किसान संघर्ष समिति ने आदिवासी बचाओ गांव बचाओ मुद्दे को लेकर 26 अगस्त को सिंगरौली जिले की दुधमनियां तहसील कार्यालय के समक्ष स्थित मंडी प्रांगण में जनसभा कर जनाक्रोश रैली निकालकर सरकार एवं उद्योगपतियों से सीधी लड़ाई लड़ने का ऐलान किया है।

कार्यक्रम का आयोजन एवं अध्यक्षता किसान संघर्ष समिति सिंगरौली जिले के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक सिंह पैगाम ने किया। मुख्य अतिथि की हैसियत से किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिव सिंह एडवोकेट उपस्थित रहे। जनाक्रोश रैली एवं धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह शंखू प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. एके खान, कटनी प्रदेश सचिव संत कुमार पटेल, प्रदेश सचिव निसार आलम मऊगंज अध्यक्ष अजय कुमार पटेल ने किया।

समर्थन में इंडिया गठबंधन एवं जन संगठनों की ओर पूर्व विधायिका सरस्वती सिंह, जिला पंचायत सदस्य सोमदेव, ब्रह्म लल्लू साहब, राजेश प्रताप सिंह, लवलेश सिंह, सुदामा कुशवाहा, मनोज शाह, सूर्या द्विवेदी, उर्मिला रावत, ज्ञानेंद्र द्विवेदी, रतीभान प्रसाद,संदीप शाह, पार्वती पनिका, जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य पप्पू गीता यादव, सुनील जायसवाल, सुनील देव,राजन, दल प्रताप सिंह, सरपंच दरोगा सिंह, बुधराम सिंह, राम सिंह, मदन सिंह धनराज सिंह, जनपद सदस्य जगत सिंह, सरपंच सुशीला सिंह, अखिलेश पटेल, रीवा राजकुमार सिंह उग्रसेन सिंह आदि किसान संघर्ष समिति के नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि चितरंगी वनांचल क्षेत्र को भाजपा सरकार उद्योगपतियों के माध्यम से गरीबों किसानों आदिवासियों के गांव उजाड़ने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि मिसिरगवां आयरन ब्लॉक शासन स्तर से मेसर्स रॉक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को बिना ग्राम सभा की अनुमति के आवंटित किया गया है उक्त आयरन ब्लॉक से लगे क्षेत्र में इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट की स्थापना तहसील दुधमनियां स्थित ग्राम बडगड बसनिया डाला कपुरदेई सकेती एवं पिपरवान तथा कुसाही आदि 7 गांव की 1282 हेक्टेयर भूमिया आदिवासी बहुलगांवो की बिना अनुमति शासन प्रशासन द्वारा अधिग्रहित की जा रही है। किसान संघर्ष समिति ने ऐलान किया है कि आदिवासियों किसानों गरीबों की जमीन बचाने अंतिम दम तक संघर्ष करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष अशोक सिंह पैगाम ने कहा कि मांगों का निराकरण शीघ्र नहीं हुआ तो मंत्री राधा सिंह का घर घेरने का काम करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिव सिंह एडवोकेट ने कहा कि मांगों का निराकरण न होने पर किसान संघर्ष समिति दुधमनियां में पक्का मोर्चा लगाएगी जिसमें संयुक्त किसान मोर्चे के नेता भी शिरकत करेंगे वहीं आदिवासियों को पट्टा दिलाए जाने भूमियों को खसरे में दर्ज कराए जाने आदिवासियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाए जाने पुलिसिया गुंडागर्दी नशीले पदार्थों की खुले आम बिक्री पर रोक आदिवासी इलाके में शिक्षा का स्तर सुधारे जाने आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के सार्थक प्रयास करने पानी खाद सड़क बिजली आवारा पशु आदि आदि तमाम समस्याओं का ज्ञापन हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमूह के माध्यम से राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री राज्यपाल कलेक्टर को संबोधित एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन सौंपते हुए सरकार एवं उद्योगपतियों को कड़ी चेतावनी दी गई है। दौरान ज्ञापन प्रमुख रूप से इंडिया गठबंधन एवं जन संगठन की ओर से राजेश रूद्रम अखिलेश तिवारी सरपंच राजनाथ सिंह जनपद सदस्य पानमती शुभलाल बैगा कृष्ण कुमार नेताम प्रदीप सिंह रामचरण सिंह उदय भान सिंह हीरालाल सिंह रामबदन सिंह रामस्वरूप सिंह राजकुमार सिंह प्रवेंद्र कोल संतबिहारी दीपक सिंह पैगाम राजेश सिंह पैगाम राम लल्लू सिंह जनपद सदस्य जनकलाल सिंह ददन सिंह लल्लू कठेल अर्जुन सिंह राजकुमार साहू हैप्पी सिंह चंदेल रामकरण सिंह सुखरनिया देवी गोपी यादव मनबसिया राजकुमार यादव आत्माराम साकेत देवा भारती अशोक साकेत रंग लाल सिंह सरपंच जगरनिया सिंह बड़गड़ आदि सहित हजारों की संख्या में जन सैलाब उपस्थित रहा है।





# खुले नाले से हर पल मंडरा रहा खतरा

**शहर का सबसे व्यस्त और चर्चित चौराहा, बाहुबली चौक, इन दिनों दुर्घटना का नया हॉटस्पॉट बनता जा रहा है।**

सिवनी/स्वतंत्रमत

बारापत्थर बाहुबलि चौक पर स्थित पान की दुकान के पास का खुला नाला राहगीरों और वाहन चालकों के लिए मौत का कुआं साबित हो सकता है। टूटी हुई लोहे की जालियां अब पूरी तरह से गायब हो चुकी हैं, और नाले का मुँह खुले जाल की तरह हर वक्त हादसे को न्योता दे रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या महीनों से बनी हुई है, लेकिन नगर पालिका परिषद ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। रात के समय तो हालात और भी खतरनाक हो जाते हैं क्योंकि इलाके में पर्याप्त स्ट्रीट लाइट नहीं जलती। अंधेरे में नाले का गड्ढा साफ नजर नहीं आता, जिससे पैदल यात्री, साइकिल और बाइक सवार, यहाँ तक कि बच्चे भी इसमें गिरने का खतरा झेलते हैं। नागरिकों ने नगर पालिका परिषद और प्रशासन से तत्काल इस समस्या को दूर करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द से जल्द नाले की जालियां ठीक नहीं की गईं, तो किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है।

# जिले के 24 शिक्षक होंगे सेवानिवृत्त

सिवनी/स्वतंत्रमत

माह अगस्त दिनांक 31/08/2025 को अपनी अधिवार्षिकी सेवा पूर्ण कर सेवा निवृत्त हो रहे सभी शिक्षा विभाग अन्तर्गत विकास खंड सिवनी, केवलारी, बरघाट एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकासखण्ड लखनादौन, घंसौर, छपारा, धनौरा और कुरई के व्याख्याता, प्राचार्य, शिक्षक / सहायक शिक्षक एवं प्रा.शि. भाईओं को सेवा निवृति सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों के नाम इस प्रकार हैं। अश्विनी तिवारी पी टी आई टीचर कन्या हाईस्कूल मंगलीपेठ, नन्हेलाल डेहेरिया प्रा शि हायर सेकेण्डरी स्कूल बण्डोल, बलवान सिंह कुर्वेती प्रा शि हायर सेकंडरी स्कूल बण्डोल , गणेश प्रसाद अग्रवाल प्राचार्य हाई स्कूल बींझावाड़ा, सीताराम भलावी स शि उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट, गोरी शंकर पटले श उ मा विद्यालय खामी, सूरज लाल टेम्भरे स शि ना उ मा वि गंगेरूआ 8 सोहन लाल कमाले स शि ना उ मा वि केवलारी, रूपेन्द्र सिंह टेम्भरे स शि ना उ मा वि पांड्या छपारा, रविशंकर बघेल स शि ना उ मा वि मलबा सिवनी, करण सिंह ठाकुर स शि ना उ मा वि कान्हीवाड़ा, अजय कुमार शर्मा उ श्रे शि उर्दू हां से स्कूल सिवनी , श्रीमती झमन धुर्वे स शि ना क उ मा वि बरघाट, विजेन्द्र सिंह देशमुख सं ना शि ना उ मा वि रूमाल, श्रीमती गीता उईके उ श्रे शि ना उ मा वि उत्कृष्ट बरघाट, किशोरकुमार पटेल उपसंचालक जि शि एवं प्र सं केवलारी, गोविन्द राव सूर्यवंशी स शि शास प्रा शा बड़गांव कुरई, महेन्द्र कुमार साहू उ श्रे शि सी एम् राईस वि छपारा, डीलनसिंह बिसेन प्र पा एम एस बीजादेवरी छपारा, राजकुमार चोकसे उ श्रे शि एम एस जोगीवाड़ा छपारा, धाम के वास्तव व्या. शि शा.क हा से वि लखनादौन, सुखनन्दन रजक प्रा शि पी एस वि ख लखनादौन, श्रीमती सुमन प्रा शि पी एस वि ख लखनादौन, गिरीश कुमार तेकाम प्रा शि वि ख लखनादौन पुन: आप सभी को म.प्र. शिक्षक कांग्रेस जिला सिवनी के समस्त पदाधिकारियों की ओर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित करते हैं।

# तापमान में कमी से बाघ हुए बेफिक्र सड़क पर दिखे बाघिन संग शावक

**सिवनी जिले के कुरई विकास खण्ड अंतर्गत पेंच टाइगर रिजर्व से लगे जंगल क्षेत्र पिंडरई मार्ग में एक रोमांचक दृश्य सामने आया है।**

सिवनी/स्वतंत्रमत

पिंडरई-कुरई मार्ग पर रात के समय एक बाघिन अपने चार शावकों के साथ चहलकदमी करती नजर आई।

मार्ग से गुजरने वाले लोगों ने इस दुर्लभ नजारे को कैमरे में कैद किया। वर्तमान में पेंच नेशनल पार्क के गेट बंद हैं। इस दौरान जंगल से लगे क्षेत्रों में बाघ और अन्य वन्य प्राणी आसानी से दिखाई दे रहे हैं।

तापमान में कमी और घास की बढ़ोतरी के कारण वन्यप्राणी जंगल से बाहर निकल रहे हैं। सामान्य दिनों में पेंच नेशनल पार्क में बड़ी संख्या में पर्यटक सफारी के लिए आते हैं।

पर्यटकों को बीजामट्टा बाघिन, पाड़देव बाघिन, लक्ष्मी बाघिन, काला पहाड़ बाघिन, एल मार्क और स्वास्तिक नर बाघ दिखाई देते हैं। पेंच राष्ट्रीय उद्यान 1179 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। यहां 325 प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं।



पार्क के कोर क्षेत्र में 82.30 वर्ग किलोमीटर में फैले करीब 116 किलोमीटर के कच्चे रास्तों पर पर्यटकों को सफारी कराई जाती है। अधिकतर पर्यटक दुरिया गेट से पार्क में प्रवेश करते हैं। खवासा के तेलिया बफर जोन में दिन-रात सफारी की सुविधा कई वर्षों से उपलब्ध है।

**सिवनी में होगी राष्ट्रीय स्तर की अंताक्षरी प्रतियोगिता**

# 19 एवं 20 सितंबर को सिवनी के एम.एम. ग्रैंड अग्रोहा लॉन में होगा आयोजन

**जिला मनोरंजन समिति के तत्वावधान में हो रहा पूर्णतः निःशुल्क आयोजन**

**देशभर से आएंगे गायक-गायिका, विजेताओं को मिलेगा नगद पुरस्कार एवं ट्राफी**

सिवनी/स्वतंत्रमत

सिवनी जिले को सांस्कृतिक गतिविधियों का नया आयाम मिलने जा रहा है। जिला मनोरंजन समिति के तत्वावधान में 19 एवं 20 सितंबर को राष्ट्रीय स्तर की अंताक्षरी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा।

यह प्रतियोगिता जबलपुर रोड स्थित एम.एम. ग्रैंड अग्रोहा लॉन में शाम 4 बजे से शुरू होगी। इस मंच पर देशभर से आने वाले गायक-गायिकाएं अपनी आवाज़ का जादू बिखेरेंगे और अपनी कला के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करेंगे। आयोजन समिति का कहना है कि यह प्रतियोगिता न केवल स्थानीय कलाकारों बल्कि विभिन्न राज्यों से आने वाले प्रतिभागियों के लिए भी एक अनूठा अवसर होगी, जहाँ वे अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे।

**30 टीमों को मिलेगा मौका**

इस प्रतियोगिता को लेकर समिति ने स्पष्ट किया है कि इसमें केवल 30 टीमों को ही भागीदारी का अवसर दिया जाएगा। प्रत्येक टीम में दो प्रतिभागियों का समावेश होगा, जो चाहे महिला हों या पुरुष। प्रतियोगिता पूरी तरह से राष्ट्रीय स्तर की होगी, जिसमें अलग-अलग राज्यों से चुनिंदा प्रतिभाशाली कलाकारों को शामिल किया जाएगा। आयोजन समिति का मानना है कि यह आयोजन सिवनी को सांस्कृतिक मानचित्र पर और अधिक पहचान दिलाने में मदद करेगा तथा युवाओं में कला और संस्कृति के प्रति उत्साह को बढ़ाएगा।

**इनामी राशि और विशेष प्रावधान**

मीडिया प्रभारी देवराज डेहरिया और अश्विनी बब्ला मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों को 3000 रुपये की एंट्री फीस जमा करनी होगी। विजेता टीमों के लिए आकर्षक इनाम की घोषणा की गई है, जिसमें प्रथम पुरस्कार 51,000 रूपये नकद व ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 31,000 रूपये नकद व ट्रॉफी और तृतीय पुरस्कार 21,000 रूपये नकद व ट्रॉफी रखा गया है। इन इनामों के जरिए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ प्रतियोगिता को और भी प्रतिस्पर्धी और रोमांचक बनाने का प्रयास किया गया है।

**निःशुल्क ठहरने और भोजन की व्यवस्था**

बाहर से आने वाले प्रतिभागियों और उनके साथियों के लिए आयोजन समिति ने विशेष इंतज़ाम किए हैं। समिति द्वारा प्रतियोगिता में शामिल टीमों को न केवल मंच उपलब्ध कराया जाएगा, बल्कि उनके ठहरने और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था भी की जाएगी।

हर टीम के साथ दो अतिरिक्त व्यक्तियों के लिए भी यह सुविधा दी जाएगी। समिति का कहना है कि इससे प्रतिभागी बिना किसी चिंता या असुविधा के प्रतियोगिता पर पूरा ध्यान केंद्रित कर पाएंगे।

**एंट्री की अंतिम तारीख 15 सितंबर**

**आयोजन समिति ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों को अपनी एंट्री 15 सितंबर तक ही कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय-सीमा के बाद आने वाली एंट्री को मान्य नहीं किया जाएगा। इसलिए इच्छुक गायक-गायिकाओं को समय रहते अपनी प्रविष्टि सुनिश्चित करनी होगी। समिति का कहना है कि निर्धारित टीमों की संख्या पूरी होते ही एंट्री प्रक्रिया स्वतः बंद कर दी जाएगी। संपर्क सूत्र प्रतियोगिता से जुड़ी विस्तृत जानकारी और एंट्री के लिए प्रतिभागी निम्न समिति सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं—शैलेन्द्र (सल्लू) अग्रवाल - 7999471979, पृथ्वीराज जगने - 9425843203,आशीष सोनू दुबे - 9302922945 पिंकी उपाध्याय - 9753038444 आशीष अग्रवाल - 9425174999।**

# शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी

**शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सिवनी में प्रवेश सत्र 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी है।**

सिवनी/स्वतंत्रमत

संस्था में संचालित विभिन्न व्यवसायों की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। संस्था में कंप्यूटर डेस्कटॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर में 07 सीट, फिटर में 01 सीट, कारपेंटर में 16 सीट, वेल्डर में 12 सीट, टर्नर में 04 सीट तथा ड्राफ्ट्समैन सिविल में 10 सीट रिक्त हैं। कुल 50 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिनांक 01 सितम्बर 2025 से 10 सितम्बर 2025 तक संपन्न की जाएगी।

इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथियों में शासकीय आईटीआई सिवनी में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, नवीन रजिस्ट्रेशन, चॉइस फिलिंग एवं त्रुटि सुधार के लिए पोर्टल भी प्रारंभ कर दिया गया है, जिसके माध्यम से आवेदक किसी एक आईटीआई की किसी एक ट्रेड का चयन कर सकेंगे।

अधिक जानकारी एवं मार्गदर्शन हेतु शासकीय आईटीआई सिवनी परिसर में स्थापित हेल्प डेस्क से प्रतिदिन संपर्क किया जा सकता है।

# जय बजरंग गणेश उत्सव समिति आदेगांव द्वारा गणेश जी की स्थापना



सिवनी/स्वतंत्रमत

गाँव में इस साल भी गणेशोत्सव बड़े हर्ष और उत्साह के साथ शुरू हुआ। जय बजरंग समिति आदेगांव ने विधिविधान से गणेश भगवान की प्रतिमा की स्थापना की। जैसे ही गणपति बप्पा की प्रतिमा मंडप में विराजी, पूरा गाँव गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। गाँव के लोगों ने मिलकर मंडप को फूलों, रंग-बिरंगी लाइटों और सजावट से आकर्षक रूप दिया। स्थापना के अवसर पर महिलाओं ने मंगल गीत गाए, बच्चों ने नाच-गाकर उत्सव का रंग और बढ़ाया। समिति के सदस्यों ने पूजा-अर्चना कर गणेश जी से गाँव की सुख-समृद्धि की कामना की। गणेश उत्सव के दस दिनों तक प्रतिदिन सुबह-शाम आरती होगी और भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। साथ ही भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और बच्चों के लिए छोटी-छोटी प्रतियोगिताएँ भी रखी जाएँगी।ग्रामीणों का कहना है कि जय बजरंग समिति हर साल पूरे गाँव को एकजुट कर गणेशोत्सव मनाती है, जिससे समाज में भाईचारा और श्रद्धा का वातावरण बनता है। स्थापना के साथ ही आदेगांव में श्रद्धा, भक्ति और आनंद का माहौल छा गया है और लोग बड़ी संख्या में बप्पा के दर्शन करने पहुँच रहे हैं।

# हाई वोल्टेज करेंट में झुलसा आउट सोर्स विद्युतकर्मी

**जिले के अंतर्गत केवलारी विधानसभा की उप तहसील उगली में बिजली विभाग की लापरवाही का शिकार हुआ**

सिवनी/स्वतंत्रमत

जिसमें आनंद पिता स्व. महेंद्र दमाहे निवासी गुडरु तह. लामता जिला बालाघाट जो 22 अगस्त दिन शुक्रवार को दोपहर बाद हाई टेंशन 11 केव्ही से कनेक्ट पंप हाउस में कार्य कर रहा था, जहां पर बिजली करेंट लगने से गंभीर बुरी तरह घायल हो गया, दुर्घटना में घायल के हाथ और पीठ में करेंट तस्वीरों में स्पष्ट दिख रहा है, जिसे तुरंत ईलाज के लिये बालाघाट निजी चिकित्सालय आरोग्य अस्पताल में ले जाया गया. इस संदर्भ में उगली में पदस्थ जे ई जे. एल. धुर्वे ने बताये की उक्त घटना के समय परमिट लेकर सप्लाई बंद की गई थी, लेकीन पता नहीं कैसे सप्लाई चालू हो गई और यह हादषा हो गया, लेकीन अब काफी सुधार है, हम विभाग से जो संभव मदद होगी करेंगे, मैं उच्च अधिकारियों से बात करुंगा हमारा कर्मचारी सीघ्र स्वस्थ हो जाये यही ईश्वर से कामना है.

इस घटना में घायल को आर्थिक मदद के लिये क्यू आर कोड फोन पे में जारी किया गया है,क्योंकि घायल अपने घर का मुखिया है, और आज बिजली करेंट में बुर तरह जलने के बाद अस्पताल में जिंदगी के लिये जद्दोजहत कर रहा है. अत: जिन्हें भी मदद करना है वे घायल आनंद की नि:संकोच मदद कर सकते हैं।

# धर्म और दान के माध्यम से व्यक्ति का पुण्य बढ़ता है: भावसागर महाराज

सिवनी/स्वतंत्रमत

श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश मे महासमाधि धारकआचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री धर्मसागर जी महाराज,मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त योगाचार्य डॉ नवीन जैन के निर्देशन में दशलक्षण महापर्व के अंतर्गत 30 अगस्त 2025 को मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुई जिसके अंतर्गत अभिषेक, विशिष्ट मंत्र शांतिधारा , श्री दशलक्षण महापर्व पूजन, छत्र अर्पण, चंवर स्थापित किए गए, शास्त्र दान का सौभाग्य श्री पार्श्वविद्या ग्रुप को प्राप्त हुआ ,दोपहर में तत्वार्थ सूत्र का वाचन चल रहा है और मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज के द्वारा कक्षा चल रही है , विशिष्ट ध्यान ,सामयिक, प्रतिक्रमण करवाया जा रहा है, रात्रि में प्रतिदिन महाआरती, योगाचार्य जी द्वारा प्रवचन हो रहे है और सांस्कृतिक कार्यक्रम,प्रतियोगिता चल रही है, संगीत के भजनों की प्रस्तुति डॉ अपूर्व जैन, आशीष बाझल ने



दी,कई लोगों ने बिना भोजन, जल के 3 उपवास किए हैं इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि यह दिन पवित्रता का दिन है ,प्रकृति भी बहुत उपदेश देती है , धन संपदा पुण्य की चेली है, व्यक्ति के बुरे दिन पुण्य के क्षीण होने पर चलते हैं ,धर्म और दान के माध्यम से व्यक्ति का पुण्य बढ़ता है, उदाहरण देकर बताया कि व्यक्ति गरीब से अमीर बन गया, बड़े-बड़े चक्रवर्ती भी लोभ में फस जाते हैं, दान नहीं दिया इसलिए ऐसे दिन देखने पड़ते हैं, दान देने से वैभव संपदा प्राप्त होती है, दसधर्म को धारण करने वाले ऋद्धिधारी साधु होते हैं,लोभ का त्याग करने से शुचिता की प्राप्ति होती है, कुबेर का खजाना भी व्यक्ति को संतुष्ट नहीं कर पाता है, यह मकान ,दुकान कार ,मोबाइल आदि खरीदने में पैसा लगाते है, परोपकार के कार्य में भी लगाए, समाधिस्थ परम पूज्यआचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज हमारे हृदय में आज भी जीवित लगते हैं जब उनके चरण चिन्ह के दर्शन करते हैं योगाचार्य जी ने बताया कि तनाव से मुक्ति ऐसे मिलती है।

# धनौरा में हॉकी के जादूगर स्व. मेजर ध्यानचंद के 120वें जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया

सिवनी/स्वतंत्रमत

सनचनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देश अनुसार जिला खेल युवा कल्याण विभाग अधिकारी मनु धुर्वे जी के मार्गदर्शन में विकासखंड धनौरा के ग्रामीण युवा केंद्र धनोरा एवं सांदीपनि धनौरा में हॉकी के जादूगर स्वर्गीय श्री ध्यानचंद जी की120 बे जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। खिलाड़ियों एवं छात्र-छात्राओं को खेल की शपथ, दिलाई गई। वॉलीबॉल का मैच कराया गया।

इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय धनोरा के प्राचार्य पी एस जाबरिया के द्वारा ,राष्ट्रीय खेल दिवस ,का महत्व बताया गया, अतिथियों में नवल किशोर श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष के द्वारा



छात्र-छात्राओं को खेल बारीकियों खेल के गुण ,नियम खेल से होने वाले लाभ को बताया गया। इस कार्यक्रम में सुजन सिंह बघेल महामंत्री मंडल धनोरा कृष्ण कुमार अग्रवाल व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉक्टर सौरव साहू सोशल मीडिया, प्रभारी पंकज बघेल युवा मोर्चा महामंत्री , घनश्याम अग्रवाल दीपू अग्रवाल गणेश यादव, प्रेमशिला एडे ,कन्या धनोरा, रामप्रसाद निर्मलकर ग्रामीण युवा समन्वयक धनोरा, एस आर उईके, टी, एस मरकाम, कृष्णा मर्सकोले , महेंद्र श्रीवास्तव, होमन सिंह सल्लाम ,राकेश वर्मा, मंगरु लाल अहिरवार, राजकुमार चौहान, गेंदालाल अहिरवार, टी धुर्वे, संजीत बेलिया, शुभेन्द्र सोनी, विजय झरिया, अंजली सेन, प्रदीप उईके, अक्षय पटेल, आकांक्षा जैन, भूमिका विश्वकर्मा, रोशनी कटरे, मुकेश हिरवानी, एवं समस्त सांदीपनी विद्यालय धनौरा का स्टाफ उपस्थित रहा।

**राष्ट्रीय खेल दिवस पर विकासखंड कुरई में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन**

भारत सरकार एवं संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की 120 वीं जयंती के उपलक्ष्य में 29 से 31 अगस्त तक एक घंटा खेल के मैदान में अभियान अंतर्गत राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विकासखंड कुरई में विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, पुलिस अधीक्षक सुश्री शिमाला प्रसाद एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विकासखंड युवा समन्वयक निकेश पद्माकर ने बताया कि कार्यक्रमों के सफल संचालन में विकासखंड युवा केंद्र खेल और युवा कल्याण विभाग सिवनी की विशेष भूमिका रही।

जिले का एक मात्र 100 बिस्तर वाला अस्पताल आईएसओ सर्टिफाईड 9001:2008

जिंदल हॉस्पिटल डायग्नोस्टिक्स एंड रिसर्च सेंटर

ब्लड बैंक सुविधा उपलब्ध. सिवनी में पहली 1.5 टेस्ला एमआरआई ऑप्टिकल टेक्नोलॉजी यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।

हमारी सुविधाएं: एम.आर.आई.,सी.टी. स्केन,डायलिसिस,पैथोलॉजी (सभी प्रकार की जाँच सुविधा)ऑपरेशन सुविधाः हड्डी जोड़ने के लिये नैलिंग प्लेटिंग, रॉड एण्ड इम्प्लांट फिक्सेशन, बिना टांके के बच्चादानी ऑपरेशन, हिप्स और घुटने का रिप्लेसमेंट

दलसागर तालाब के पास भगत सिंह वार्ड सिवनी मो.- 6260196758

हमारी सुविधाएं

टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-D इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्केन,डायलिसिस, पैथोलॉजी सभी प्रकार की जाँच सुविधा)

जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल

बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा

24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।

एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814